>

Title: Need to set up a new fertilizer unit in place of closed factory of Fertilizer Corporation of India Limited in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): महोदय, देश में हरित क्रान्ति की सफलता में भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसानों को समय पर उर्वरक प्राप्त हो इसके लिए आजादी के बाद देश के विभिन्न भागों में उर्वरक संयंत्र स्थापित किए गए थे। इसी क्रम में भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड की एक इकाई सन् 1969 ई. में गोरखपुर में स्थापित की गई थी। इस उर्वरक संयंत्र ने पूर्वी उ.प्र. तथा बिहार के अंदर हरित क्रान्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। एक साधारण दुर्घटना के चलते गोरखपुर का उर्वरक संयंत्र जून, 1990 ई. में बंद कर दिया गया और तब से लगातार यह इकाई बंद चल रही है। इसे प्रारंभ करने के लिए लगातार आन्दोलन हुए। देश के तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों ने गोरखपुर जाकर बंद इकाई को पुनः प्रारंभ करने अथवा नया उर्वरक संयंत्र लगाने का आश्वासन पूर्वी उ.प्र. की जनता को दिया था लेकिन आज तक वह आश्वासन घोषणा तक ही सीमित रहा। गोरखपुर स्थित उर्वरक संयंत्र के पास पर्याप्त मात्रा में (1400 एकड़) भूमि उपलब्ध है जो वर्तमान में भी है। नया उर्वरक संयंत्र लगना ही वर्तमान में एकमात्र समाधान है।

कृपया व्यापक जनहित में भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड के गोरखपुर स्थित बंद इकाइ के स्थान पर नया संयंत्र लगाया जाए।